समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ, विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

सन्दर्भ संख्या................/2020
दिनांकः–..

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष,/ /कार्यालयाध्यक्ष/ प्रधानाचार्य, कला एवं शिल्प महाविद्यालय/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,/कुलानुशासक/कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग/अवैतनिक पुस्तकायलाध्यक्ष, टैगोर पुस्तकालय/सी0एल0एल0/चेयरमैन, डेलीगेसी/कमाण्डेण्ट, एन0सी0सी,नेवल/एन0सी0सी0/चेयरमैन ऐथेलेटिक एसोसिऐशन/समन्वयक,एन0एस0एस0 एवं वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय।

विषयः– मानव सम्पदा पोर्टल के प्रभावी क्रियांन्वयन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पत्रांक संख्या–186/रा0उ0शि0परि0/09/2018 दिनांक 09.06.2020 द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल के प्रभावी क्रियांन्वयन हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके अनुसार विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर एवं अन्य अधिकारीगण की सेवा से सम्बन्धित सूचना राज्य स्तरीय कार्यालयोंमें पंजीकरण कराया जाना है जिसके लिये निर्धारित प्रारूप पर (15 पृष्ठों की) सूचना अंकित कर भेजा जाना आवश्यक है। सम्बन्धित प्रारूप **http://ehrms.upsdc.gov.in/helpPdf/ServiceBookDataCollection.pdf** पर उपलब्ध है।

लखनऊ विश्वद्यिालय की समस्त विभागों में कार्यरत् शिक्षणेत्तर अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण का वांछित प्रारूप में अंकित कराकर कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 17.06.2020 तक उपलब्ध कराने का पत्रांक संख्या–पी–10443 दिनांक 22.06.2020 द्वारा निर्देश दिया गया था किन्तु अद्यतन अधिकांश कर्मचारियों का विवरण प्राप्त न होने के कारण मानव सम्पदा पोर्टल पर विवरण अपलोड नही किया जा सका है जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा नाराजगी वयक्त की गयी है।

अतः पुनः अनुरोध करना है कि कल दिनांक ~~30.07.2020~~ 31/07/2020 सांय 04:00 बजे तक प्रत्येक दशा में अपना–अपना विवरण डी0पी0पी0 अनुभाग में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अन्यथा की दशा में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं सम्बन्धित कर्मचारियों/अधिकारियों पर होगा।

टिप्पणीः– जिन कर्मचारियों द्वारा वांछित प्रपत्र का विवरण उपलब्ध करा दिया गया है उन पर यह आदेश प्रभावी नही माना जायेगा।

कुलसचिव

संख्याः– P/11700–50 दिनांकः– 30/07/2020

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0, लखनऊ को सूचनार्थ।
4. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, ल0वि0वि0, लखनऊ।
5. इंचार्ज, बेबसाइड को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों को ई–मेल के माध्यम से भेजने का कष्ट करें।

(डॉ भावना मिश्रा)
उपकुलसचिव (शिक्षणेत्तर)